# 4

# मदर टेरेसा

## (जीवनी अंश)

**प्रतिध्वनि**

**"यदि आप सौ लोगों को नहीं खिला सकते हैं तो एक को ही खिलाइए। छोटी-छोटी बातों के प्रति वफादार रहिए क्योंकि इन्हीं में आपकी शक्ति निहित है।"** **– मदर टेरेसा**



मदर टेरेसा

दीन-दुखियों की सेवा में अपना जीवन लगाने वाली मदर टेरेसा का जन्म 27 अगस्त, 1910 को भूतपूर्व युगोस्लाविया में हुआ था। माता-पिता ने उनका नाम एग्नेस रखा था। अठारह वर्ष की छोटी-सी आयु में उन्होंने धार्मिक जीवन अपना लिया और अपना नाम बदलकर टेरेसा रखा। नन बनने के बाद वे कोलकाता के संट मार्गरेट स्कूल में भूगोल की अध्यापिका हो गईं। उस स्कूल में मदर टेरेसा ने लगभग बीस वर्षों तक अध्यापन कार्य किया और बाद में वहाँ की प्रधानाचार्या भी रहीं।

एक बार उन्होंने कोलकाता के एक अस्पताल के बाहर एक ऐसी महिला को देखा, जिसके शरीर में कीड़े पड़े हुए थे और वह बहुत असहाय थी। वह महिला जब तक जीवित रही उन्होंने उसकी देखभाल की। इस घटना का प्रभाव टेरेसा पर इतना पड़ा कि उन्होंने स्कूल की नौकरी छोड़ दी और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब, पीड़ित और बेसहारा लोगों की सेवा में जुट गईं।

उन्होंने अनुभव किया कि अब तक जीवन व्यर्थ बीता जा रहा था। केवल शिक्षिका बनकर जीवन व्यतीत करना सही नहीं है। उनका कार्य तो समाज के गरीब और बेसहारा व्यक्तियों की सेवा करना है। उनके पास धन न के बराबर था किंतु प्रभु का आशीर्वाद और दृढ़ संकल्प साथ थे। इसी पूँजी के बल पर उनकी यात्रा, तब से लेकर मृत्यु तक लगातार चलती रही।

उनकी प्रसिद्धि देखकर कोलकाता नगर निगम ने उन्हें एक स्थान प्रदान किया, जहाँ सर्वप्रथम 'मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी' का कार्यालय खोला गया तथा मदर टेरेसा अनाथों की सहायिका तथा अपंग-अपाहिजों की संरक्षिका बन गईं।

सन 1952 में मदर टेरेसा ने अनाथ बच्चों के लिए पहला 'निर्मल फ्राइडे होम' खोला। यहाँ पर पोलियो और अन्य खतरनाक बीमारियों से बच्चों को बचाने के लिए सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं। सन 1957 में आसनसोल में कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के लिए एक कुष्ठ आश्रम 'शांतिनगर' भी मदर टेरेसा के प्रयासों से खोला गया।



Scanned with CamScanner

इसी वर्ष उन्होंने 'निर्मल हृदय' नामक संस्था स्थापित की। इस संस्था में अनाथ और उपेक्षित व्यक्तियों की सेवा की जाती है। आज अस्सी से अधिक देशों में निर्मल हृदय नामक संस्थाएँ हैं। हजारों लोग इनके मिशन में जुड़े हुए हैं, जो बिना किसी वेतन के सेवा कार्य करते हैं। भारत में मदर टेरेसा द्वारा स्थापित 215 चिकित्सालयों में लगभग 10 लाख से अधिक लोगों की चिकित्सा प्रायः मुफ्त की जाती है।



मदर टेरेसा के अनुसार व्यक्ति के जीवन की सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि उसने वंचितों के लिए क्या किया है। जैसे भगवान सभी को चाहते हैं वैसे ही हमारी चाह भी व्यापक होनी चाहिए। सन 1979 में मदर टेरेसा को 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया। पुरस्कार में मिलने वाली संपूर्ण राशि उन्होंने अनाथ-बेसहारा बच्चों और पीड़ित लोगों की सेवा में लगा दी।

भारत सरकार ने उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया। वास्तव में मदर टेरेसा एक ऐसी महिला थीं जिन्होंने सही अर्थों में दीन-दुखी लोगों की सेवा में अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया।

87 वर्षीय मदर टेरेसा का निधन 5 सितंबर, 1997 को कोलकाता स्थित मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी के मुख्यालय में रात साढ़े नौ बजे हो गया। उनकी मृत्यु का समाचार फैलते ही सारा विश्व शोकाकुल हो उठा। संसार के अनेक देशों ने उनकी मृत्यु पर शोक संदेश भेजे तथा दुख प्रकट किया।

**जीवन मूल्य** दीन-दुखियों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है।

**शब्दार्थ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| असहाय | - | विवश, लाचार | समर्पित | - | भेंट किया हुआ |
| व्यर्थ | - | बेकार | उपेक्षित | - | तिरस्कृत |
| अनाथ | - | जिसके माता-पिता न हों | दृढ़ | - | मजबूत |
| व्यापक | - | सर्वत्र फैला हुआ | संकल्प | - | निश्चय, प्रण |



Scanned with CamScanner

# अभ्यास

## पाठ्यविषयी मूल्यांकन (Curricular Assessment)

**लिखित** [Writing Skills (comprehension, spelling, vocabulary, grammar)]

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) मदर टेरेसा का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(ख) कितने साल की आयु में मदर टेरेसा नन बन गईं?

(ग) मदर टेरेसा ने 'मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी' का कार्यालय कहाँ खोला?

(घ) मदर टेरेसा को नोबेल पुरस्कार कब मिला?

(ङ) मदर टेरेसा के जीवन से मिलने वाली प्रेरणा को लिखिए।

**2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए-**

(क) मदर टेरेसा ने लगभग ........................ तक अध्यापन कार्य किया।

(ख) सन 1952 में मदर टेरेसा ने अनाथ बच्चों के लिए पहला ........................ खोला।

(ग) सन 1979 में मदर टेरेसा को ........................ पुरस्कार दिया गया।

(घ) भारत सरकार ने मदर टेरेसा को ........................ से सम्मानित किया।

**3. सही कथन पर ( ✓ ) का तथा गलत कथन पर ( × ) का चिह्न लगाइए–**

(क) अठारह वर्ष की छोटी-सी आयु में मदर टेरेसा ने धार्मिक जीवन अपना लिया। ○

(ख) मदर टेरेसा ने अनुभव किया कि अब तक जीवन ठीक बीता जा रहा था। ○

(ग) कुछ ही लोग मदर टेरेसा के मिशन से जुड़े हुए हैं। ○

(घ) भारत सरकार ने मदर टेरेसा को अशोक चक्र से सम्मानित किया। ○

**4. सही उत्तर पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–** [Multiple Choice Questions (MCQs)]

(क) मदर टेरेसा किन लोगों की संरक्षिका बनीं?

(i) अपंग-अपाहिजों की ○ (ii) अनाथों की ○ (iii) गूँगों-बहरों की ○

(ख) 'निर्मल फ्राइडे होम' कब खोला गया ?

(i) सन 1957 ○ (ii) सन 1910 ○ (iii) सन 1952 ○

(ग) 1957 में मदर टेरेसा ने किस संस्था की स्थापना की?

(i) निर्मल हृदय ○ (ii) निर्मल फ्राइडे होम ○ (iii) मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी ○



Scanned with CamScanner

(घ) भारत सरकार ने मदर टेरेसा को कौन-सा सम्मान दिया ?

(i) पद्मविभूषण ◯ (ii) अशोक चक्र ◯ (iii) भारत रत्न ◯

Scanned with CamScanner

# पाठ - 4

# मदर टेरेसा

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

**(क) मदर टेरेसा का जन्म कब और कहाँ हुआ ?**

उत्तर - मदर टेरेसा का जन्म 27 अगस्त , 1910 को भूतपूर्व युगोस्लाविया में हुआ था ।

---

**(ख) कितने साल की आयु में मदर टेरेसा नन बन गईं ?**

उत्तर – अठारह वर्ष की छोटी – सी आयु में मदर टेरेसा नन बन गईं ।

---

**(ग) मदर टेरेसा ने ' मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी ' का कार्यालय कहाँ खोला ?**

उत्तर - मदर टेरेसा ने 'मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी'का कार्यालय कोलकाता में खोला।

---

**(घ) मदर टेरेसा को नोबेल पुरस्कार कब मिला ?**

उत्तर – मदर टेरेसा को नोबेल पुरस्कार 1979 में मिला ।

---

**(ङ) मदर टेरेसा के जीवन से मिलने वाली प्रेरणा को लिखिए ।**

उत्तर – मदर टेरेसा के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें अपने निज हित से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए ।

---

नोट – प्रश्न – उत्तर कॉपी में लिखें।

Scanned with CamScan

**2. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए –**

**(क)** मदर टेरेसा ने लगभग **<u>बीस वर्षों</u>** तक अध्यापन कार्य किया ।

**(ख)** सन 1952 में मदर टेरेसा ने अनाथ बच्चों के लिए पहला '**<u>निर्मल फ्राइडे होम</u>**' खोला।

**(ग)** सन 1979 में मदर टेरेसा को **<u>नोबेल</u>** पुरस्कार दिया गया।

**(घ)** भारत सरकार ने मदर टेरेसा को '**<u>भारत रत्न</u>**' से सम्मानित किया।

**3. सही कथन पर (√) का तथा गलत कथन पर (X) का चिह्न लगाइए –**

**(क)** अठारह वर्ष की छोटी – सी आयु में मदर टेरेसा ने धार्मिक जीवन अपना लिया। (√)

**(ख)** मदर टेरेसा ने अनुभव किया कि अब तक जीवन ठीक बीता जा रहा था। (x)

**(ग)** कुछ ही लोग मदर टेरेसा के मिशन से जुड़े हुए हैं । (x)

**(घ)** भारत सरकार ने मदर टेरेसा को अशोक चक्र से सम्मानित किया। (x)

**4. सही उत्तर पर (√) का चिह्न लगाइए-**

**(क) मदर टेरेसा किन लोगों की संरक्षिका बनीं ?**

(i) अपंग – अपाहिजों की (√) (ii) अनाथों की ( ) (iii) गूँगों – बहरों की ( )

**(ख)' निर्मल फ्राइडे होम ' कब खोला गया ?**

(i) सन 1957 ( ) (ii) सन 1910 ( ) (iii) सन 1952 (√)

**(ग) 1957 में मदर टेरेसा ने किस संस्था की स्थापना की ?**

(i) निर्मल हृदय (√) (ii) निर्मल फ्राइडे होम ( ) (iii) मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी ( )

**(घ) भारत सरकार ने मदर टेरेसा को कौन-सा सम्मान दिया ?**

(i) पद्मविभूषण ( ) (ii) अशोक चक्र ( ) (iii) भारत रत्न (√)

नोट – **(i)** प्रश्न-क्रमांक 2 , 3 , 4 पुस्तक ( **Book**) में हल करें।
**(ii)**पुस्तक उपलब्ध न होने पर कार्य किसी रफ कॉपी में करें।

Scanned with CamScan

# HOLIDAY HOMEWORK

1. पाठ्यपुस्तक के पाठ 1, 2, 3, 4 का वाचन (Reading) करें ।
2. पाठ 1 से 4 तक के शब्दार्थ , प्रश्न– उत्तर एवं अभ्यास के प्रश्न पढ़ें एवं याद करें ।
3. पाठ के कठिन शब्दों का अभ्यास लिख – लिखकर करें ।
4. व्याकरण के पाठ 1 एवं 2 को पढ़ें , समझें एवं प्रश्न– उत्तर याद करें।
5. लिखावट पर विशेष ध्यान दें तथा अक्षर सुंदर एवं स्पष्ट बनाने का अभ्यास करें।
6. प्रतिदिन एक पेज लेखन-अभ्यास अवश्य करें।
7. समाचार - पत्र पढ़ें।

---

Scanned with CamScanner